हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शुक्रवार 8 मई 2026

11 नपा ने उखाड़ा तम्बू, अब काबली किकर के नीचे ....



12 शुक्रवार से सप्लाई पटरी पर लौटने की उम्मीदः एसडीओ



### कर्मचारियों की बार-बार हड़ताल बढ़ने से शहरवासियों की फूल रहीं सांसें

# नपा कर्मचारी संघ ने 11 तक बढ़ाई हड़ताल, शहर हुआ गंदगी में तब्दील

**अब शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से हो जाएगी चौपट**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल गुरूवार को सातवें दिन में प्रवेश कर गई और मांगें न माने जाने के विरोध में कर्मचारी संघ ने हड़ताल को 11 मई तक बढ़ा दिया। अब शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो जाएगी, क्योंकि एक दिन शहर की साफ-सफाई नहीं होने से व्यवस्था बेपटरी हो जाती हैं और अब तो कर्मियों हड़ताल लगातार सात दिन से चल रही हैं, जिसे 11 मई तक बढ़ाकर शहरवासियों को सख्तें में डाल दिया हैं। एक तरफ सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हाय तोबा मचा रहे हैं, वहीं शहर की जनता गंदगी से तंग होकर हा-हाकार मचा रही हैं एवं प्रशासन को कोस रही हैं।

उल्लेखनीय हैं कि नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले सफाई कर्मचारियों की हड़ताल की एक मई से शुरू होकर सात मई गुरूवार को सातवें दिन में प्रवेश कर गई, जिसकी अध्यक्षता संघ के जिला प्रधान शेरसिंह ने की। अब कर्मचारी संघ ने हड़ताला को 11 मई तक बढ़ाकर शहरवासियों को टेंशन में डाल दिया हैं। अब दिन प्रतिदिन कूड़े के ढ़ेरों में बढ़ोतरी हो रही हैं। पहले दिन गली-मोहल्लों व सड़क पर छोटे से गंदगी के ढेर लगे थे, जो आज पहाड़ में तब्दील हो गए हैं। संघ के प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम दानव ने कहा कि हड़ताल हमारा शोक नहीं, मजबूरी हैं, जब पानी सिर के ऊपर से गुजरने लगता हैं, तब कर्मचारी काम छोड़कर हड़ताल का रूख करते हैं। कर्मचारी को कोई तकलीफ होती हैं तो वह सरकार व प्रशासन के समाने अपना दुखता रोता हैं, लेकिन यहां तो सरकार एवं प्रशासन हठधर्मिता करके बैठे हैं, जो कर्मचारी का अहित सोच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों ने कदम आगे बढ़ा दिया हैं, अब वे किसी भी सूरत में पीछे हटने वाले नहीं हैं। दानव ने कहा कि सरकार व प्रशासन कर्मचारियों के धैर्य की परीक्षा न लें, अन्यथा आर पार की लड़ाई का ऐलान किया जा सकता हैं। हड़ताल एवं धरने के दौरान नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम दानव, शेरसिंह, बाला, मनीषा, द्रोपदी, सीमा, सुनीता, बिट्टू, रमेश, जयहिंद पहलवान, अमित, शिवकुमार, सुरेश, विशेष व राहुल आदि मौजूद रहे।

सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर एक व दो मई को हड़ताल रखने का ऐलान किया था। इसके बाद प्रशासन ने मांगों के संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया, जिससे कर्मचारी वर्ग ने कड़ा रोष अपनाया और हड़ताल को तीन दिन और पांच मई तक बढ़ाया। प्रशासन की बेरूखी के चलते कर्मचारियों ने डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाले टिप्पर व तिपहिया रेहड़ियों को भी बंद करवा दिया और हड़ताल को सात मई तक बढ़ा दिया था। गुरुवार को प्रशासन की बेरूखी के चलते कर्मचारी संघ ने हड़ताल को 11 मई तक बढ़ाकर शहरवासियों की सांसे फूला दी हैं। शहरवासियों को ये समझ में नहीं आ रहा कि हड़ताल कब खत्म होगी।





भिवानी। नगर परिषद के बाहर हड़ताल के दौरान नारेबाजी करते सफाई कर्मचारी और दिनोद गेट चौक पर टिबड़ेवाला सभागार के सामने लगा गंदगी का ढेर।

**सफाई कर्मचारियों की हड़ताल सातवें दिन भी जारी रही, नहीं ली किसी ने सुध**

#### सरकार जान-बूझकर लोगों को मुसीबत में डाल रही

नपा कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम दानव ने कहा हड़ताल के चलते सरकार व प्रशासन ने मांगों के संदर्भ में कोई कदम नहीं उठाया, जिसकारण कर्मचारी संघ ने शहर के सभी 31 वार्डों में डोर-टू-डोर जाकर कूड़ा उठाने वाले टिप्पर व रेहड़ियों को भी बंद करना पड़ा। सरकार व प्रशासन शहर की जनता के हित चाहती तो सफाई कर्मचारियों की मांगों को अब तक मान लिया जाता, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया, जिसके विरोधस्वरुप कर्मचारियों को ऐसा कदम उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि अब भी कर्मचारियों क मांगों पर विचार नहीं हुआ तो कर्मचारी आर पार की लड़ाई का ऐलान कर सकते हैं।

#### ये हैं मुख्य मांगें

संघ के प्रदेश सचिव दानव ने बताया कि सफाई कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये किया जाए, बढ़ती जनसंख्या एवं शहरों के विस्तार अनुसार नए पदों का सृजन कर पक्की भर्ती की जाए, ठेका प्रथा खत्म करने के नाम पर सरकार ने शुरू की हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएनर) को भंग कर नियमित भर्ती होनी चाहिए।



बवानीखेड़ा। नपा कर्मचारी शहीद गुलाब सिंह पार्क में प्रदर्शन करते हुए।

## सफाई व्यवस्था चरमराई, कर्मचारियों की हड़ताल के कारण बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था उस समय पूरी तरह प्रभावित हो गई जब नियमित, ठेके पर कार्यरत कच्चे कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल शुरू कर दी। कर्मचारियों की हड़ताल के चलते शहर के कई वार्डों में कूड़े के ढेर लगने लगे हैं, जिससे आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मंगलवार को सफाई कर्मचारियों में प्रदीप, ऋषि, दीपक, दिलबाग, पिंकी आदि ने अपनी मांगों को लेकर शहीद गुलाब सिंह पार्क में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार और संबंधित विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। धरने में बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी शामिल हुए। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से नियमितीकरण, वेतन बढ़ोतरी, समय पर वेतन भुगतान और अन्य सुविधाओं की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि ठेकेदारी प्रथा के कारण उन्हें पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल रही हैं और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

#### शहर में सार्वजनिक स्थानों पर लगे गंदगी के ढेर

धरने को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेताओं ने कहा कि फरीदाबाद में कर्मचारियों के साथ हादसा हुआ उसके लिए पक्की नौकरी, एक करोड़ मुआवजा व अन्य सुविधाएं देने की बात कही। वहीं उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर सफाई व्यवस्था प्रभावित होने से बाजारों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी बढ़ने लगी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की मांग की है।



बवानीखेड़ा। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

## गेहूं भुगतान में देरी से किसानों की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बवानी खेड़ा

गेहूं खरीद के भुगतान में हो रही देरी को लेकर किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। इसी मुद्दे को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को बवानीखेड़ा मंडी में किसानों ने धरना-प्रदर्शन किया तथा मंडी सुपरवाइजर को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग उठाई।

जानकारी के अनुसार संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा द्वारा दो दिन पूर्व हुई बैठक में निर्णय लिया गया था कि प्रदेशभर की मंडियों में 7 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रदर्शन कर संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसी कड़ी में अखिल भारतीय किसान सभा बवानीखेड़ा के प्रधान राजेश कुंगड़ के नेतृत्व में किसानों का प्रतिनिधिमंडल मार्केट कमेटी अधिकारियों से मिला। किसानों ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा लागू नई मंडी नीति के तहत ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, गेट पास के लिए ट्रैक्टर नंबर प्लेट, बायोमैट्रिक जैसी शर्तें किसानों पर जबरन थोपी जा रही हैं। इसके अलावा कई किसानों ने एक माह पहले मंडी में गेहूं बेच दिया था, लेकिन अभी तक उनके खातों में भुगतान नहीं पहुंचा है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंडी सुपरवाइजर राजकुमार ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि इस सीजन में बवानीखेड़ा मंडी में करीब 6 लाख 50 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हुई है, जिसमें से लगभग 4 लाख क्विंटल गेहूं का उठान किया जा चुका है।

## अनावश्यक शर्तों के विरोध में मार्केट कमेटी कार्यालय पर दिया धरना

■ सरकार मंडी कानूनों की आड़ में मण्डियों को करना चाहती है समाप्त : जगरोशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोशाम

गुरुवार को संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर मार्केट कमेटी कार्यालय तोशाम पर किसान संगठनों ने मंडियों पर लगाई अनावश्यक शर्तों के विरोध में 11 बजे से 2 बजे तक धरना दिया।

धरने की संयुक्त अध्यक्षता करण सिंह जैनावास, रोहतास सैनी व रणधीर सागवान ने संयुक्त रूप से की तथा संचालन नरेंद्र सिंह डाडम व महेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान किसानों को संबोधित करते हुए मास्टर जगरोशन रोढा ने कहा कि सरकार मंडी कानूनों की आड़ में मंण्डियो को बिहार की तरह हरियाणा में समाप्त करना चाहती है। किसान वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर व बायोमेट्रिक मशीन की शर्त को गेटपास पर लगाकर किसानों को परेशान कर रही है। मंण्डी में बारदाना, उठान व किसानों के भुगतान की समस्या बनी हुई है। खुला में अनाज पड़ा है इसका जल्द मंडी से उठान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों में बिजली बिल 2025 व हरियाणा सरकार द्वारा बनाई तीसरी एग्रो डिस्काम कंपनी के प्रति गहरा आक्रोश है सरकार एग्रो डिस्काम कंपनी के नाम पर सस्ती बिजली से पल्ला झाड़ना चाहती है। बिजली की हाईटेंशन टावरों का किसानों को उचित मुआवजा मिलना चाहिए। बकाया बीमा क्लेम 2023 कपास का व 2024 का बीमा क्लेम सरसों का जल्दी किसानों को मिलना चाहिए।



तोशाम। मांगों को लेकर धरने पर बैठे किसान मोर्चा के पदाधिकारी।

#### मुआवजा प्रति टावर 50 लाख मिले

इस दौरान रोहतास सैनी ने बताया कि सितंबर-अक्टूबर 2025 में आई बाढ़ से भिवानी जिला के 36 गांव में खरीफ फसल पूर्ण रूप से बर्बाद हो गई थी परंतु इसका मुआवजा अभी तक जारी नहीं किया गया है। आने वाले समय में किसान संगठन बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम सबको इकट्ठा होना होगा और एक साथ लड़ना होगा। उन्होंने मंडियों में आ रही किसानों कि समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया। वहीं किसान नेता करण सिंह ने बताया कि किसान 350 करोड रुपए खरीफ फसल कपास मुआवजा 2023 के लिए पिछले 11 महीने से लोहारू एसडीएम कार्यालय पर दिन-रात का महापड़ाव जारी है। उन्होंने बताया किसानों को बिजली की हाई टेंशन टावरों का मुआवजा प्रति टावर 50 लाख मिलना चाहिए। तोशाम में डाडम-पिंजोखरा के नजदीक क्रेशर जॉन डाडम व खानक पहाड़ होने से यहां की जमीन का मार्केट मूल्य बहुत अधिक है। यहां की जमीन करोड़ों रुपए का मार्केट रेट है उसके हिसाब से यहां के किसानों को बिजली टावरों का उचित मुआवजा मिलना चाहिए। उन्होंने उदाहरण दिया कि ईशरवाल में एक किसान को छोटे बिजली टावर का 24 लाख मुआवजा मिला वह लड़ाई लड़ने के बाद सभी किसानों को एक साथ मिलना होगा और आंदोलन शुरू करना होगा। इस मौके पर मास्टर जगरोशन, करणसिंह, रामवीर, महेंद्र, दिलबाग, महावीर, सुमित, जयसिंह, सतबीर आदि सैकड़ों किसान मौजूद थे।

### 9 को मनाई जाएगी महाराणा प्रताप जयंती

**भिवानी।** 9 मई को महाराणा प्रताप चौक पर महाराणा प्रताप जयंती मनाई जाएगी। यह जानकारी देते हुए हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा के सचिव कंवर सिंह ने बताया कि 09 मई को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती सर्व समाज द्वारा भिवानी के महाराणा प्रताप चौक पर लगी प्रतिमा को माल्यार्पण कर मनाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भिवानी के समस्त समाज द्वारा महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी एवं उनके राष्ट्र प्रेम एवं बलिदान को याद किया जाएगा।

## अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई को जारी रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

**सेक्टर की कई गलियों में बीच में बिजली के खड़े पोल दे रहे है हादसों को न्योता : दिलबाग जांगड़ा**

सेक्टर-13 में पिछले कुछ दिनों से अवैध निर्माणों के खिलाफ प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। वीकर सेक्शन में हाल ही में की गई तोड़फोड़ की कार्रवाई के बाद अब स्थानीय निवासियों ने मोर्चा खोल दिया है। सेक्टरवासियों का कहना है कि प्रशासन को यह अभियान बीच में नहीं रोकना चाहिए, बल्कि पूरे सेक्टर में फैले अवैध कब्जों को जड़ से खत्म करना चाहिए।

सेक्टर-13 के निवासी दिलबाग जांगड़ा ने स्थानीय प्रशासन और हुडा विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि तीन-चार दिन पहले प्रशासन ने वीकर सेक्शन में कुछ अवैध निर्माणों को ढहाया था, लेकिन उसके बाद अचानक काम बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने कार्रवाई शुरू तो की, लेकिन अब काम बंद पड़ा है। हमारी भिवानी प्रशासन से पुरजोर मांग है कि इस अभियान को रुकने न दिया जाए। पूरे सेक्टर में बड़े पैमाने पर लोगों ने अवैध निर्माण कर रखे हैं, जिससे आम जनता को परेशानी हो रही है। कार्रवाई निष्पक्ष और व्यापक होनी चाहिए, ताकि कोई भी अवैध निर्माण बाकी न रहे। जांगड़ा ने अवैध निर्माण के साथ-साथ सेक्टर की अन्य गंभीर समस्याओं की ओर भी प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि सेक्टर की कई गलियों के बिल्कुल बीच में बिजली के पोल खड़े हैं, जो किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। इन खंभों की वजह से वाहनों का निकलना दूभर हो गया है। इसके अलावा उन्होंने आरोप लगाया कि कई लोगों ने अपने घरों के सामने सडक़ के ऊपर पेड़ लगा दिए हैं, जिससे रास्ते संकरे हो गए हैं, सार्वजनिक रास्तों पर किए गए इन अतिक्रमणों के कारण एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाओं को पहुंचने में दिक्कत होती है, सेक्टर की प्लानिंग के विपरीत किए गए निर्माणों ने ड्रेनेज और सफाई व्यवस्था को भी प्रभावित किया है। सेक्टरवासियों ने एक स्वर में जिला प्रशासन और हुडा विभाग से अनुरोध किया है कि जल्द से जल्द बिजली के खंभों को गलियों के बीच से हटाकर साइड में शिफ्ट किया जाए और सडक़ पर लगाए गए पेड़ों व अन्य अवरोधों को हटाकर रास्तों को चौड़ा किया जाए।

### मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना : 10 मई तक कर सकेंगे पंजीकरण

**भिवानी।** प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत श्री नांदेड़ साहिब जाने के इच्छुक श्रद्धालुओं के लिए पंजीकरण करने की तारीख को 10 मई तक बढा दिया गया है। नांदेड़ के लिए दूसरी विशेष ट्रेन सिरसा से 15 मई को रवाना होगी। इसी ट्रेन में भिवानी के श्रद्धालु भी जाएंगे। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र सिंगल ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना वरिष्ठ नागरिकों के लिए पूर्णतः निःशुल्क है। 60 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिक इस योजना के पात्र हैं।

### तेज गति से निकलने वाले वाहनों के कारण नौरंगाबाद वासी परेशान

# ब्रेकर की मांग को लेकर ग्रामीणों ने लगाया जाम

■ दंपती के हादसे के बाद फूटा ग्रीमणों का गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

दिल्ली-भिवानी मार्ग पर बुधवार को दंपती के हुए हादसे के बाद गांव नौरंगाबाद में वीरवार को ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। उनकी मांग थी कि गांव में मेन रोड पर ब्रेकर बनाया जाए। ग्रामीणों ने बताया कि पहले यहां पर ब्रेकर थे, लेकिन अब हटा दिए। जिसके कारण हादसों का डर बना रहता है।

ग्रामीणों द्वारा जाम लगाने की सूचना के करीब 15 मिनट के बाद खरक चौकी इंचार्ज गांव में पहुंचे और उन्होंने जल्द ही ब्रेकर बनवाए जाने का भरोसा दिलाया। तब जाकर ग्रामीण जाम खोलने को राजी हुए। जानकारी के अनुसार वीरवार को दोपहर गांव नौरंगाबाद के ग्रामीण दिल्ली भिवानी मार्ग पर उतर आए। लोगों ने ट्रैक्टर-ट्राली व अन्य वाहन आड़ा तिरछा खड़े करके वाहनों को रोकना आरंभ कर दिया। जाम लगते ही मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। इस दौरान वाहन चालकों ने जाम लगा रहे लोगों से जाम खोलने के लिए कहा,लेकिन प्रदर्शनकारियों ने किसी भी वाहन को नहीं निकलने दिया। इसी दौरान जाम की सूचना खरक पुलिस चौकी इंचार्ज धर्म सिंह के पास पहुंची और वे तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने जाम लगा रहे लोगों को जल्द ही रोड पर ब्रेकर बनवाए जाने का भरोसा दिलाया। तब जाकर ग्रामीण जाम खोलने को राजी हुए। ग्रामीणों ने बताया कि मार्ग पर वाहनों का सबसे ज्यादा आवागमन होता है। वाहन यहां से तेज गति से निकलते है। जिस वजह से आए दिन हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। वाहनों के तेज गति से चलने की वजह से कई हादसे भी हो चुके है। उन्होंने बताया कि वे कई बार प्रशासन से इस जगह पर ब्रेकर बनाए जाने की मांग कर चुके है,लेकिन हर बार उनको आश्वासन देकर टाल दिया जाता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर अब भी समयावधि में ब्रेकर नहीं बनाया तो वे फिर से रोड पर उतरने को मजबूर होंगे।






## एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण सात कर्मचारी मिले गैर हाजिर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बाढ़ड़ा

एसडीएम आशीष सांगवान औचक निरीक्षण के दौरान तहसील स्थित सरल केन्द्र व खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में पहुंचे और कामकाज का जायजा लिया। इस दौरान लगभग नब्बे फीसदी अधिकारी व कर्मचारी गायब मिले।

एसडीएम आशीष सांगवान ने वीरवार सुबह 9:15 बजे तहसील कार्यालय पहुंचे तो वहां नायब तहसीलदार सहित सात कर्मचारी गैर हाजिर मिले। उन्होंने राजस्व विभाग के सरल केन्द्र पर जाकर कर्मचारियों का उपस्थिति रजिस्टर चेक किया तो वहां पर दस में से मात्र तीन कर्मचारी आपरेटर ही उपस्थित मिले। उन्होंने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय पहुंचकर कामकाज का जायजा लिया, लेकिन वहां बीडीपीओ, एसईपीओ व अन्य अधिकारी कर्मचारी गायब मिले। एसडीएम के दौरे के दौरान तीन कार्यालयों में लगभग नब्बे फिसदी अधिकारी व कर्मचारी गायब मिले। एसडीएम सांगवान ने कहा कि प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंच कर जनसमस्याओं का समाधान करना जरूरी है। आज के दौरे में राजस्व व पंचायत विभाग के कार्यालयों में बड़ी अनिमियतताएं सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।



फीलिंग्स

# माय मम्मी इज द बेस्ट

हर मां अपने बच्चों से बेइंतहा प्यार करती है। बच्चों की केयर में कोई कसर नहीं छोड़ती। बच्चे भी अपनी मां से बहुत प्यार करते हैं, उनकी दुनिया मां के इर्द-गिर्द रहती है। टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स **बालभूमि** से शेयर कर रहे हैं, मां से जुड़ी अपनी फीलिंग्स, उनसे जुड़ी खास मेमोरी। ये चाइल्ड आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं, इस मदर्स-डे पर इनकी क्या प्लानिंग्स हैं, इनका अपनी मां के लिए क्या मैसेज है?

## हमेशा मिलता है मम्मी का प्यार-सपोर्ट: हरिति जोशी



**इन दिनों** सन नियो के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा का किरदार हरिति जोशी निभा रही है। अपने अभिनय से उसने दर्शकों का मन मोह रखा है। हरिति अपनी मम्मी को लेकर अपनी फीलिंग्स शेयर करती है। वह बताती है, 'मेरी मम्मी की सबसे अच्छी क्वालिटी है, उनका प्यार और हर वक्त सपोर्ट में खड़े रहना। वो मेरे लिए दुनिया की बेस्ट मम्मी हैं।' हरिति अपनी मम्मी से रिलेटेड एक मेमोरी शेयर करती है, 'जब मैं बहुत छोटी थी, तब एक बार मुझे बहुत तेज बुखार हो गया था। मैं बस चुपचाप लेटी थी। मम्मी मेरे पास ही बैठी थीं। वो बार-बार मेरे माथे पर ठंडी पट्टी रखतीं। मुझे अपनी गोद में सुला लेतीं। रात को जब सब सो गए, तब भी मम्मी नहीं सोईं। मैं आधी रात को जब उठी तो देखा कि वो मेरे बाल सहला रही हैं। उस दिन मुझे एहसास हुआ कि मम्मी मुझसे कितना प्यार करती हैं।' इस बार मदर्स-डे पर हरिति अपनी मम्मी को कैसे स्पेशल फील कराएगी, पूछने पर वह बताती है, 'इस मदर्स-डे पर मैं मम्मी के लिए अपने हाथ से एक प्यारा-सा कार्ड बनाऊंगी, जिसमें अपनी और उनकी पिक्चर लगाऊंगी। मैं उनकी कोई फेवरेट डिश बनाऊंगी। घर के कामों में भी उनका हाथ बंटाऊंगी ताकि मम्मी को आराम मिले।'

मदर्स-डे पर हरिति अपनी मम्मी को क्या स्पेशल मैसेज देना चाहेगी, पूछने पर वह बताती है, 'मैं मम्मी से कहूंगी कि मम्मी, आप दुनिया की सबसे अच्छी मम्मी हैं। आप मेरे लिए इतना कुछ करती हैं, उसके लिए थैंक यू! मैं आपसे बहुत-बहुत प्यार करती हूं।'*



## मम्मा के पास हर प्रॉब्लम का सॉल्यूशन होता है: संवेग कौदान



**सोनी सब** के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में संवेग कौदान, अंश पटेल की भूमिका निभा रहा है।

अपनी मम्मी के बारे में संवेग बताता है, 'मेरी मम्मा इस दुनिया में सबसे अच्छी मम्मा हैं। वो मेरी हर बात मानती हैं। जो बात नहीं मानने वाली होती है, वह मुझे समझाती हैं कि यह बात क्यों नहीं मान रही हैं? मेरी मम्मा मुझ पर बहुत ट्रस्ट करती हैं। जब कोई मेरे बारे में यह बोलता है कि इससे यह काम नहीं होगा, तब मम्मा कहती हैं, मेरा बेटा सब काम कर सकता है। माय मम्मा इज हेल्पिंग, केयरिंग एंड सपोर्टिव।' मम्मा के साथ कोई मेमोरेबल इंसिडेंट के बारे में पूछने पर संवेग एक मजेदार इंसिडेंट के बारे में बताता है, 'एक बार दिल्ली मेट्रो से सफर करने के लिए मैं अपनी मम्मा के साथ स्टेशन पर पहुंचा। कुछ क्रैकर्स मेरे बैग में रखे हुए थे। जब मैंने वहां चेकिंग कर रहे सीआईएसएफ जवान को देखा तो डर गया, मैं रोने लगा। मम्मा ने मुझे बहुत चुप कराया लेकिन मैं चुप ही नहीं हो रहा था। तो फिर मम्मा ने सीआईएसएफ जवान को कंविंस किया। उसके बाद वह जवान मुस्कुराते हुए मेरे पास आए और प्यार से बोले- इस बार तुम्हारी गलती माफ। आगे से फायर क्रैकर्स लेकर मेट्रो या किसी पब्लिक प्लेस पर मत जाना। मैंने उनसे प्रॉमिस किया। इसके बाद मैं रिलैक्स हो गया। मम्मा के पास हर प्रॉब्लम का सॉल्यूशन होता है।' इस बार मदर्स-डे पर संवेग अपनी मम्मी को एक स्पेशल सरप्राइज देने की प्लानिंग कर रहा है।



वह बताता है, 'मम्मा मेरे लिए पापा और दीदी से दूर रहती हैं। इसलिए मम्मा को बिना बताए मैं पापा-दीदी को यहीं बुला लूंगा। इस सरप्राइज से वह बहुत खुश होंगी।' मदर्स-डे पर संवेग अपनी मम्मा को यह मैसेज देना चाहता है, 'मुझे आपका हमेशा ख्याल रखना है, कभी आपका साथ नहीं छोड़ना है। आई लव यू मम्मा।'*

## मम्मी से मिलती है इंस्पिरेशन: आयशा विंधारा



**सोनी सब** के शो 'इत्ती सी खुशी' में चिड़िया की भूमिका निभा रही आयशा विंधारा को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। आयशा अपनी मम्मी की बेस्ट क्वालिटीज के बारे में बताती है, 'मेरी मम्मी हमेशा मेरी हर बात बहुत ध्यान से सुनती हैं। मुझे वे यह भी बताती हैं कि मैं कोई काम सही कर रही हूं या गलत। वे मुझे हमेशा गाइड करती हैं। अपनी मम्मी के प्यार और सपोर्ट की वजह से ही मैं हमेशा सिक्योर और कॉन्फिडेंट फील करती हूं।'

इस मदर्स-डे पर मम्मी को स्पेशल फील कराने के लिए आयशा क्या कुछ खास करने वाली है, पूछने पर वह एक्साइटेड होते हुए बताती है, 'मैं इस बार मदर्स-डे पर अपनी मम्मी के साथ किसी रेस्टोरेंट में लंच करने जाऊंगी। उस दिन घर में उनके लिए अपने हाथों से ब्रेकफास्ट तैयार करूंगी। मैं अपनी मम्मी को अपने हाथों से बनाया हुआ एक बहुत सुंदर-सा ग्रीटिंग कार्ड दूंगी। साथ ही, मैं उन्हें एक परफ्यूम या उनकी पसंद की शेड वाला लिपस्टिक गिफ्ट करूंगी। मैं अपनी मम्मी और अपनी बहन के साथ इस बार जोरदार तरीके से मदर्स-डे सेलिब्रेट करूंगी।'



इस मदर्स-डे पर अपनी मम्मी के लिए आयशा क्या मैसेज देना चाहेगी? पूछने पर वह बताती है, 'मम्मी, आप हमेशा मुझे सही राह दिखाती हैं, सही सलाह देती हैं। आप हमेशा खुद को मोटिवेट करती हैं, दूसरों की हेल्प करती हैं। आपकी इन बातों से मुझे इंस्पिरेशन मिलती है। आप हमेशा वैसी ही बनी रहें जैसी आप हैं।'*

## मम्मी मुझे हमेशा मोटिवेट करती हैं: अकदास खान



**सन नियो** के शो 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' में सप्पू का किरदार निभाकर अकदास खान ने दर्शकों का दिल जीत रखा है। अकदास अपनी मम्मी के बारे में बताता है, 'मेरी मम्मी दुनिया की बेस्ट मॉम हैं। वो हमेशा मेरा ख्याल रखती हैं। मम्मी मुझे हर बात को बहुत अच्छे से समझाती हैं। वो हमेशा मुझे मोटिवेट करती हैं, कहती हैं- अपनी मजबूत इच्छाशक्ति और मेहनत से हम लाइफ में कुछ भी अचीव कर सकते हैं।'

अकदास अपनी मम्मी से रिलेटेड एक प्यारी-सी मेमोरी शेयर करता है, 'एक बार मैं शूट के दौरान बहुत थक गया था। मेरा मन काम करने का नहीं था। तब मम्मी सेट पर आईं। उन्होंने मुझे हग किया और मुझे मेरी फेवरेट चॉकलेट दी। फिर हम दोनों ने साथ में थोड़ा टाइम बिताया। मम्मी ने मुझे स्पेशल फील कराया। मैं फिर से खुश हो गया।'



इस बार मदर्स-डे पर अपनी मम्मी को स्पेशल फील कराने के लिए अकदास अपनी प्लानिंग बताता है, 'मदर्स-डे पर मैं मम्मी के लिए एक हैंडमेड कार्ड बनाऊंगा। उन्हें एक छोटा-सा गिफ्ट भी दूंगा। अगर उस रोज मेरी शूटिंग नहीं हुई, तो मैं उनके साथ पूरा दिन बिताऊंगा।'

मदर्स-डे पर अकदास अपनी मम्मी को क्या खास मैसेज देना चाहता है, पूछने पर बताता है, 'मैं मम्मी से कहूंगा कि मैं आपको बहुत प्यार करता हूं। आप मेरे लिए सबसे स्ट्रॉन्ग और बेस्ट हो। आप हमेशा मेरे साथ रहिएगा। मैं बड़ा होकर आपको बहुत प्राउड फील कराऊंगा।'*

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

---

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## प्रेरित करती कहानियां

बच्चो, हाल में ही प्रेरित करती बाल कथाओं की किताब 'बच्चों को स्वावलंबी बनाने वाली कहानियां' छपकर आई है। इसमें कुल बारह कहानियां संकलित हैं। इस किताब की लेखिका डॉ. करुणा पांडे हैं। ये सभी कहानियां जीवन से जुड़ी शिक्षाएं देती हैं। पहली कहानी 'आत्मनिर्भर बनो' में शिक्षक अपनी कक्षा के बच्चों को एक चिड़िया की कहानी सुनाकर आत्मनिर्भरता का महत्व बताते हैं। दूसरी कहानी 'मेहनत का खजाना' में तुम पढ़ोगे कि कैसे आलसी लड़के गोविंद को मेहनत का महत्व पता चलता है, जब उसके पिता का देहांत हो जाता है। एक और आलसी बच्चे तिम्मा की कहानी तुम 'गौरैया का उपाय' में पढ़ सकते हो कि कैसे उसे एहसास होता है कि बिना मेहनत किए कोई भी जीव अपना भोजन प्राप्त नहीं कर सकता है। 'दोस्ती की पहचान' एक किसान और उसके नासमझ बेटे गोपाल की कहानी है, जो अपने सच्चे दोस्तों की पहचान नहीं कर पाता है और उनके साथ अपना समय बरबाद करता रहता है। लेकिन जब वह उनसे मदद मांगने जाता है तो उसे सच्चाई का पता चलता है। 'अदभुत जीव' एक साहसी युवक की कहानी है, जो अपनी बुद्धिमानी और वीरता से खतरनाक जीव को मार देता है। 'अंतरात्मा की आवाज' एक ईमानदार बच्चे अतुल की कहानी है, जो अपनी मां की दी हुई शिक्षा को कभी नहीं भूलता है। यह कहानी बताती है कि लालच से हमेशा दूर रहना चाहिए। इनके अलावा इस किताब में संकलित 'साहसी लड़की', 'स्वार्थी मित्र', 'मेहनत की कमाई' और 'उन्नति का रास्ता' कहानियां भी तुम्हें अच्छी लगेंगी। ये कहानियां रोचक तरीके से तुम्हें स्वावलंबी और अच्छा इंसान बनने के लिए प्रेरित करती हैं।*




**किताब:** बच्चों को स्वावलंबी बनाने वाली कहानियां (बाल कथा संग्रह), **लेखिका:** डॉ. करुणा पांडे, **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** श्वेता बुक एजेंसी, पिलानी राजस्थान

---




कहानी

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

हर किसी को अपनी मां की कद्र करनी चाहिए, उसे प्यार-सम्मान देना चाहिए। नहीं तो मां के ना रहने पर उसी तरह पछतावा, दुख होगा, जैसे चंदन को होता है। उसने एक दिन नोटबुक में वह सब लिख डाला, जो उसने मां के ना रहने पर महसूस किया। मां हमारे जीवन में कितना महत्व रखती हैं, बता रही है यह कहानी।

## मां, आपको पता है न?



एआई इमेज

पापा घर में घुसे तो सन्नाटा पसरा था। रीतू तो बैठक में फर्श पर ही सो गई थी। चंदन सोफे पर सोया हुआ था। उलटे, औंधे मुंह। नोटबुक उसका तकिया बनी हुई थी। पापा मन ही मन बोले, 'अच्छा! तो बच्चू पढ़ते-पढ़ते सो गए हैं।' पापा ने बड़े प्यार से उसकी पीठ को सहलाया फिर आहिस्ते से उस नोटबुक को खींचा। चंदन पर कोई असर न पड़ा। वह बेसुध सोया हुआ था।

पापा मुस्कुराए। उसके गालों का पसीना पोछा। नोटबुक का पन्ना भी तो भीगा हुआ था। पापा ने एक बार फर्श पर सोई हुई रीतू के माथे को भी प्यार से सहलाया। रीतू की नींद खुल गई, 'अरे! पापा, आप आ गए। मैं पानी लाती हूं।'

रीतू आंखें मलती हुई किचेन में चली गई। पापा के हाथ में चंदन की नोटबुक थी। वह उसे मेज पर रखने ही जा रहे थे कि उस पर बड़ी ही खूबसूरत लिखावट में लिखे पांच शब्दों पर दृष्टि रुक गई। लिखा थाः मां, आपको पता है न?

इसके बाद तो कितना कुछ लिखा हुआ था। पापा की आंखों की कोरें गीली हो गईं। उन्होंने बैठक में ठीक सामने लगी चंदन की मां की फोटो को निहारा। चंदन की मां अब इस दुनिया में नहीं हैं। उन्हें गए एक साल से ऊपर हो गया। पापा ने तो पूरी कोशिश की कि दोनों बच्चों को उनकी कमी महसूस न हो। दोनों को खूब प्यार देते हैं। समय भी खूब देते हैं !

पापा ने नोट बुक को पढ़ना शुरू किया।

मां, आपको पता है न? मैं इस बार कक्षा पांच में आ गया। मुझे कक्षा में सबसे ज्यादा नंबर मिले हैं। मैं आपकी सारी बातें याद रखता हूं। समय से उठता हूं। खूब मन से पढ़ता हूं। आप थीं तो मैं कितना जिद्दी था। उफ! आपको कितना परेशान किया मैंने। कितनी मिस्टेक कीं। कभी सॉरी भी नहीं कहा, लेकिन आपने हमेशा मुझे माफ किया। मेरा हमेशा ही कितना ख्याल रखा। अब आप नहीं हैं तो समझ में आता है कि आप मेरे लिए कितनी जरूरी थीं। कितना कुछ करती थीं। कभी आराम नहीं। कभी मैंने भी तो आपको आराम नहीं दिया। कभी आप थकी-हारी मुझसे कुछ मांगती भी थीं तो कैसे बहाने से मना कर देता था। और आप हंसकर सब कुछ भूल जाती थीं। आप बीमार थीं, तब भी तो कितना काम करती थीं। अब आप नहीं हैं तो आपकी कीमत समझ आती है। अब लगता है, मुझे आपकी हेल्प करनी चाहिए थी। रीतू दीदी तो आपका कितना हाथ बंटाती थी। वह अब पापा का खूब ख्याल रखती है। मैं भी रखता हूं। आपको पता है न?

मां, स्कूल में मेरे दोस्त कहते थे कि तेरे पापा अब नई मां ले आएंगे। कुछ दोस्त कहते हैं कि नई मां बहुत गंदी होती है। बिल्कुल भी प्यार नहीं करती। कुछ कहते हैं, ऐसा नहीं है। उनकी नई मां तो उन्हें बहुत चाहती है, लेकिन एक साल से ऊपर तो हो गया। पापा नई मां नहीं लाए। वे कहते हैं, 'बेटे! अब मैं ही तेरी मां हूं।' सच, वे बिल्कुल आपकी ही तरह हमें बहुत प्यार करते हैं। मां, आपको पता है न? अभी एक दिन क्रिकेट खेलते हुए मुझे चोट लग गई थी। मैंने पापा को नहीं बताया। चुपचाप मेडिसिन वाली स्ट्रिप लगा ली। सोचा उन्हें बताऊंगा तो परेशान होंगे। लेकिन जब उन्हें पता चला तो ज्यादा परेशान हुए। बिल्कुल आपकी तरह बोले- परेशानियों को शेयर जरूर करना चाहिए। दुःख आपस में बांट लो तो कम हो जाता है। मां, आपको पता है न, अब मुझे लगता है कि मैं बड़ा हो गया हूं। छोटे-छोटे कामों के लिए आपको परेशान करने वाला ये चंदन अब सारे काम खुद कर लेता है। काश! ये सब मैं पहले करता, जब आप थीं तो कितना खुश होतीं। दादी, पापा से कितना खुश होती हैं। पापा उनके सामने बिल्कुल बच्चा बन जाते हैं। सही कहते हैं कि जिनके पास बड़े हैं, वे हमेशा बच्चे हैं।

'पापा! पापा! पापा...!' हाथ में गिलास लिए रीतू खड़ी थी। बोली, 'पापा क्या पढ़ रहे हैं? कब से आपको पुकार रही हूं, आप सुनते ही नहीं।'

पापा को जैसे झटका-सा लगा, 'अरे!'

चंदन भी जाग गया था, 'पापा! आप कब आए?' और फिर उसने आंखें मलते-मलते ही जब अपनी नोट बुक पापा के हाथ में देखी तो तेजी से उनसे ले लिया। धीरे से पूछा, 'पापा। क्या आपने पढ़ा इसे?'

पापा ने चंदन की आंखों को देखा। बोले, 'तुम रोए थे चंदन? ये नोट बुक आंसुओं से भीगी है न?'

चंदन पापा से लिपट गया, 'अब नहीं। अब नहीं रोऊंगा पापा। क्या करूं, मां की याद आती है तो खुद को रोक नहीं पाता।'

पापा देर तक चुप बैठे रहे। फिर रीतू के हाथ से गिलास लिया। पानी पिया। बोले, 'तुम दोनों के लिए एक सरप्राइज है। अभी तक इस घर में दो बच्चे थे। अब तीन हो जाएंगे।' 'तीन! वह कैसे?' रीतू और चंदन ने एक साथ पूछा। पापा ने चंदन के गालों को सहलाते हुए बताया, 'क्योंकि अब आपकी बड़ी मां आ रही हैं। अब वे यहीं रहेंगी। हम तीनों बच्चे उनके साथ खूब मजे करेंगे।'

'वाह! दादी आ रही हैं। वेरी गुड।'

दोनों पापा से लिपट गए।

सामने मां का मुस्कुराता हुआ फोटो और ज्यादा सुंदर लग रहा था।*

---

कविता

अखिलेश श्रीवास्तव चमन



एआई इमेज

## मीठी-मीठी लोरी मां

काली हो या गोरी मां।
बहुत तेज या भोरी मां।
तन की चाहे जैसी भी हो
होती मन की कोरी मां।
रसगुल्ले-सी मीठी-मीठी
या कि शहद की बोरी मां।
अपने बच्चों की खातिर है
माखन भरी कटोरी मां।
परी देश की कथा-कहानी
किस्से चांद-चकोरी मां।
झूठी डांट, डपट और झिड़की
मीठी-मीठी लोरी मां।
अगर जरा भी ठेस लगे तो
मुंह से निकले- मोरी मां।
आती रहती है सपनों में
चुपके, चोरी-चोरी मां।

---



## जीके क्विज-204



1. आईपीएल के इतिहास में 800 बाउंड्री शॉट से रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
2. देश के वर्तमान रक्षा मंत्री कौन हैं?
3. विद्युत का सबसे अच्छा सुचालक कौन-सी धातु होता है?
4. बच्चों की पसंदीदा किताब 'द जंगल बुक' के लेखक कौन हैं?
5. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई थी?
6. किस भारतीय को 'साबरमती का संत' कहा जाता है?
7. अंकोरवाट मंदिर कहां स्थित है?
8. भारत का प्रथम और अंतिम भारतीय गवर्नर जनरल कौन था?
9. पश्चिम बंगाल की राजधानी कहां है?
10. कौन-सा पोषक तत्व हमारी हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है?

**बच्चो, जीके क्विज-204 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-203 का उत्तर :** 1 अरोण्यक घोष, 2. हरिवंश नारायण सिंह, 3. रवींद्रनाथ टैगोर, 4. यूनेस्को, 5. टेनिस, 6. रानी लक्ष्मीबाई, 7. लखनऊ, 8. 23.5 डिग्री, 9. उत्तर प्रदेश, 10. सागरमाथा

**जीके क्विज-203 का सही उत्तर देने वाले :** पूरब-बिलासपुर, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जियाना-रायगढ़, कबीर-हिसार, तुषार-रायपुर, पूर्वी-रोहतक, संकेत-दिल्ली, कुसुम-महासमुंद, तेजस-बलौदा बाजार, किंशुक-दुर्ग

---

## रंग भरो-201

**रंग भरो-201** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रशिका, जांजगीर



अद्विक, रायपुर



इरा, कोरबा



आयांश, दुर्ग



प्रगति, बिलासपुर



साक्षी, रायपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

आशना-जांजगीर, हर्ष-जगदलपुर, काशवी-रायपुर, काव्या-रायपुर, माही-महासमुंद, विशेष-रायपुर, प्रिया-रायगढ़, संचिता-दुर्ग, जतिन-भोपाल, हर्ष-बलौदा बाजार, याशिका-रायपुर, कुसुम-कोरबा, प्रियांशु-रोहतक, अंकित-बालोद, मनीष-महेंद्रगढ़

---

## रंग भरो 202



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में हर्ष और खुशी अपनी मम्मी से गले मिलकर उन्हें मदर्स-डे विश कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### जिला बार एसोसिएशन ने जताया शोक

**भिवानी।** एडवोकेट शिवकुमार बेडवाल की माता सावित्री देवी के निधन पर जिला बार एसोसिएशन ने गहरा दुःख प्रकट किया। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट संदीप तंवर ने गांव नीमड़ीवाली स्थित आवास पर पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सावित्री देवी एक अत्यंत धर्मपरायण और मृदुभाषी महिला थी, समाजसेवा में उनकी गहरी रुचि और प्रकृति के प्रति उनका विशेष लगाव हम सभी के लिए प्रेरणादायी था।

### मिताथल में विद्यार्थियों को किया जागरूक

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार और जिला कार्यक्रम अधिकारी वैशाली के मार्गदर्शन में गांव मिताथल के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में व लोहानी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में दहेज प्रथा उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में महिलाओं और छात्राओं को दहेज प्रथा समाप्त करने को लेकर जागरूक किया गया। लोहानी स्थित आंगनबाड़ी में आयोजित कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विकास की सुपरवाइजर लक्ष्मी देवी ने कहा कि दहेज प्रथा समाज में कुरीति है। इस कुरीति का विरोध करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दहेज जैसी कुप्रथा के कारण महिलाओं को कई प्रकार के अत्याचार सहने पड़ते हैं। बेटियों को दहेज देने के बजाय उनकी शिक्षा पर ध्यान दिया जाए।

### डोर टू डोर निशानदेही कार्य में जुटे कर्मचारी

**बवानीखेड़ा।** आगामी जनगणना को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी कड़ी में क्षेत्र में कर्मचारियों द्वारा डोर टू डोर जाकर निशानदेही का कार्य किया जा रहा है। कर्मचारी घर-घर पहुंचकर मकानों, परिवारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का विवरण एकत्रित कर रहे हैं ताकि जनगणना प्रक्रिया को सुचारू और त्रुटिरहित बनाया जा सके। प्रशासन की ओर से नियुक्त कर्मचारी प्रत्येक गली और मोहल्ले में जाकर मकानों की पहचान कर उन पर निर्धारित नंबर अंकित कर रहे हैं।

### फसल बीमा के नियमों में बदलाव करने की मांग

**भिवानी।** पर्यटन विकास मंच के चेयरमैन राजेश गारनपुरा ने किसानों की बदहाली एवं फसल बीमा योजनाओं में व्याप्त विसंगतियों पर गहरा रोष प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान बीमा प्रणाली किसानों के हित में होने के बजाय उनके आर्थिक शोषण का जरिया बन गई है। गारनपुरा ने केंद्र एवं राज्य सरकार से मांग की है कि अन्नदाताओं की समस्याओं को देखते हुए फसल बीमा के नियमों में तत्काल प्रभाव से बदलाव किए जाएं।

### आरक्षण कोटा के भीतर कोटा देने की मांग

**भिवानी।** लोस व विस में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग अब नए राजनीतिक मोड़ पर आ गई है। राष्ट्रीय परिवर्तन पार्टी ने केंद्र सरकार पर महिला आरक्षण को लटकाने का आरोप लगाते हुए देशव्यापी स्तर पर विरोध दर्ज करवाया है।

### पीड़ितों के समर्थन में आया जागृति मोर्चा और किसान सभा

# नपा ने उखाड़ा तम्बू, अब काबली कीकर के नीचे कटेंगी दिन की दोपहरी और रातें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

**प्रशासन ने पीड़ितों के हालचाल जानने के लिए कोई नुमाइंदा नहीं भेजा**

लगता है कि बवानीखेड़ा में गरीबों के दुखों व समस्याओं का अंत होता नजर नहीं आ रहा। क्योंकि विगत में नगरपालिका प्रशासन ने करीब आधा दर्जन लोगों के मकानों को तोड़ दिया। उसके बाद उन्होंने सिर छिपाने के लिए तम्बू लगाया तो आज नगरपालिका बवानीखेड़ा ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार ने सिर छिपाने के मकानों के मलबे के पास धूप से बचने के लिए टैंट लगा लिया, लेकिन वीरवार सुबह नगरपालिका प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर उस टैंट को भी उखाड़ दिया। अब पीड़ित परिवार के समक्ष केवल काबली कीकर ही सिर छिपाने का आशियाना बना है। हैरानी की बात यह है कि इतना कुछ होने के बाद अभी तक जिला प्रशासन ने पीड़ितों के हालचाल जानने के लिए कोई नुमाइंदा नहीं भेजा है। नगरपालिका बवानीखेड़ा के इस तरह के करतूत से मानवता पूरी तरह से शर्मशार हो रही है। दूसरी तरफ आज धरने में पहुंचे नेताओं ने स्थानीय विधायक को इस मामले में खूब खरी व खोटी सुनाई। इस मौके पर कामरेड ओमप्रकाश, कमल सिंह प्रधान व नपा पूर्व पार्षद मीना चौपड़ा ने टैंट उखाड़े जाने की कड़े शब्दों में निंदा की और कहा कि यह लोकतंत्र पर करारा हमला है। इस अवसर पर मंदीप सूई, अनिल नेहरा, उमेश भारद्वाज, काला मुंढाल, नरेंद्र गागड़वास, शिवकुमार चांगियां, मनमोहन भुरटाना, नरेंद्र तंवर, मंजीत लाग्यान, सुरेंद्र मुंढाल, एडवोकेट रामकिशन काजल, बनवारी नायक, धर्मेंद्र बलहारा, बबलू शर्मा, हनुमान मास्टर आदि मौजूद थे।



भिवानी। बवानीखेड़ा में धरने को संबोधित करते वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रदीप नरवाल। फोटो: हरिभूमि

### कांग्रेसी नेता नरवाल पहुंचे पीड़ितों के बीच

तीन दिन पहले बवानीखेड़ा आधा दर्जन लोगों के मकान तोड़ने के मामले को लेकर वीरवार को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रदीप नरवाल समर्थकों के साथ पीड़ितों के बीच पहुंचे और उनका हालचाल जाना और उपायुक्त से बातचीत कर पीड़ितों की पीड़ा समझ उनकी व्यवस्था बनाए जाने के लिए कहा और जब तक उनकी कोई स्थाई व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक उनके खाने की व्यवस्था करने की कही। टैंट हटाने के बारे में नपा सचिव से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि इस बारे में कोई आदेश जारी नहीं किया । उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर तीन दिनों के भीतर पीड़ितों की समस्या का समाधान तथा उनके पुर्नवास की व्यवस्था नहीं की तो वे इस मामले को लेकर हलके की जनता को एकत्रित करके 11 मई को जनआंदोलन करेंगे।



बवानीखेड़ा। शहीद गुलाब सिंह पार्क का दायरा बढ़ाने की सूचना से आहत दुकानदार रोष प्रदर्शन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# पार्क का दायरा बढ़ाने की सूचना से दुकानदारों में रोष

- दुकानदारों ने अपनी मांगों को लेकर भिवानी डीएमसी को शिकायत पत्र सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा में शहीद गुलाब सिंह पार्क का दायरा बढ़ाए जाने की चर्चाओं के बीच आसपास की मार्केट के दुकानदारों में भारी रोष देखने को मिला। गुरुवार को बड़ी संख्या में दुकानदारों में नितिन नागपाल, अनिल राहड, सन्नी चुघ, नी, रविन्द्र वर्मा, कृष्ण जांगड़ा, मोनू आदि ने एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को लेकर भिवानी डीएमसी को शिकायत सौंपकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की।

दुकानदारों का कहना है कि यदि पार्क का दायरा बढ़ाया गया तो उनकी दुकानों और पूरे बाजार के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो जाएगा। प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों ने बताया कि वर्षों से वे यहां व्यापार कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। पार्क विस्तार की योजना लागू होने से कई दुकानों पर सीधा प्रभाव पड़ेगा, जिससे व्यापार पूरी तरह प्रभावित हो सकता है। दुकानदारों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि बिना दुकानदारों से राय लिए किसी भी प्रकार का निर्णय लेना गलत है। दुकानदारों ने बताया कि बाजार में पहले ही आर्थिक मंदी और ऑनलाइन कारोबार का असर देखने को मिल रहा है, ऐसे में यदि दुकानों को हटाने या क्षेत्र कम करने जैसी कार्रवाई की गई तो छोटे व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा।

### पार्क शहर की शान

इस बारे में नपा सचिव संदीप गर्ग ने बताया कि वे छुट्टी पर हैं और नपा एमई पंकज गर्ग ने बताया कि पार्क का दायरा बढ़ाया जाएगा ताकि लोगों को खुला एरिया मिल सके। नपा प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि कुछ लोग राजनीति कर रहे हैं। किसी को एतराज है तो आकर बताना चाहिए, शहीद गुलाब सिंह पार्क शहर की शान है और वे शहर को विकास की गति में नंबर वन पॉजिशन पर ले जाने का कार्य करेंगे।

# बेवजह लोगों के चक्कर न कटवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

एसडीएम आशीष सांगवान ने वीरवार को बाढ़डा सरल केंद्र परिसर में स्थित रजिस्ट्री कार्यालय सहित सहित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम सांगवान ने इस दौरान हाजरी रजिस्टर को भी चैक किया।

उन्होंने कहा कि कर्मचारी आमजन के कार्य समय पर निपटाएं, बेवजह लोगों के कार्यालयों के चक्कर न कटवाएं। लापरवाही मिलती है तो संबंधित कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने तहसील कार्यालय, रजिस्ट्री कार्यालय, बीडीओ कार्यालय सरल केंद्र आदि में कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। नकल शाखा में उपस्थित कर्मचारियों को एसडीएम ने कड़े शब्दों में निर्देश दिए कि किसी प्रकार की लापरवाही मिली तो कार्रवाई होगी। एसडीएम ने इस दौरान रजिस्ट्री के लिए कागजात अपलोड किए जाने की प्रक्रिया की पड़ताल की और निर्देश दिए कि अधिकारी एवं कर्मचारी सुनिश्चित करें कि लोगों को कोई परेशानी न आए। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें ताकि लोगों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ समय पर मिल सके। एसडीएम ने कहा कि ऐसी गति विधियां निरन्तर जारी रहेंगी। आम जनता के कार्यों में किसी भी प्रकार की कोई ढिलाई नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कर्मचारी एक बार में ही बताए कि जो-जो कागजात कम हैं, उन्हें पूरा किया जाए ताकि जरूरतमंद लोग सरकारी की योजनाओं का लाभ ले सकें। कई योजनाएं ऐसी हैं, जो ऑनलाइन होती हैं, उस बारे में लोगों को बताए ताकि वह स्वयं ऑनलाइन आवेदन कर सकें ।



चरखी दादरी। रजिस्ट्री कार्यालय का निरीक्षण करते एसडीएम।

# ओवरलोड वाहनों पर कसा शिकंजा, जांचे कागजात

- एसडीएम एवं आरटीए डॉ. विरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

जिले में ओवरलोड वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को आरटीए एवं एसडीएम डॉ विरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान एसडीएम विरेन्द्र सिंह ने ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया गया है।

चेकिंग अभियान के तहत जिला के प्रमुख मार्गों, स्टेट हाईवे एवं अन्य चिन्हित क्षेत्रों में मालवाहक वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान वाहनों के वजन, फिटनेस प्रमाण पत्र तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की गहनता से जांच की गई। इस दौरान कई वाहन निर्धारित भार क्षमता से अधिक माल का परिवहन करते हुए पाए गए, जो मोटर वाहन अधिनियम एवं सड़क सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के मौके पर चालान काटे गए तथा संबंधित वाहन चालकों को भविष्य में निर्धारित मानकों के अनुरूप वाहन संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा वाहन मालिकों एवं चालकों से अपील की गई है कि वे मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करें तथा निर्धारित भार सीमा के अनुरूप ही वाहनों का संचालन करें। उन्होंने बताया कि ओवरलोड वाहन न केवल सड़क संरचना को क्षति पहुंचाते हैं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को भी बढ़ाते हैं।



चरखी दादरी। वाहनों की जांच करते एसडीएम डॉ. विरेन्द्र सिंह। फोटो: हरिभूमि

### नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा

उन्होंने कहा कि उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल के निर्देशानुसार जिला में ओवरलोडिंग के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग से सड़कों को गंभीर क्षति पहुंचती है, जिससे राजस्व पर अतिरिक्त भार पड़ता है। इसके साथ ही ओवरलोड वाहन आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न करते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के चेकिंग अभियान नियमित रूप से संचालित किए जाएं।

# दहेज प्रथा समाप्त करने को किया जाए जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

**डीसी साहिल गुप्ता ने की दहेज निषेध अभियान की समीक्षा**

लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में डीसी साहिल गुप्ता ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ दहेज प्रथा को रोकने के लिए किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में विशेषकर कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों से दहेज प्रथा को समाप्त करने की अपील की जाए।

वहीं दूसरी ओर वीसी के माध्यम से प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने भी जिलाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि दहेज मांगने वाली शिकायत मिलने पर प्रशासन सख्त कानूनी कार्रवाई करेगा। दहेज न केवल एक सामाजिक कुप्रथा है, बल्कि कानूनी अपराध भी है। दहेज प्रथा को मिटाना जरूरी है। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग और शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि वे जागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा मिटाने के लिए विशेषकर युवा पीढ़ी का जागरूक होना जरूरी है। इस अभियान में सामाजिक संस्थाओं और प्रबुद्ध लोगों का सहयोग लिया जाए। उन्होंने जिले के सभी महिला कॉलेजों के साथ-साथ अन्य कॉलेजों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। इन कार्यक्रमों में दहेज निषेध अधिनियम की विस्तार से जानकारी दी जाए।

# सीटीएम ने सुनीं जन समस्याएं

- प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक लगाए जाते हैं समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय के डीआरडीए हॉल में वीरवार को समाधान शिविर आयोजित हुआ, जिसमें सीटीएम अनिल कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने विशेषकर गर्मी के मौसम के चलते जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि वे नागरिकों को पर्याप्त पेयजल मुहैया करवाना सुनिश्चित करें। सीटीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। समाधान शिविर में ओमपाल ने बिजली का नो-ड्यूज दिलवाने, मुनीश शर्मा ने जमीन बेचने में धोखाधड़ी से संबंधित, पार्षद सुनील कुमार वार्ड नंबर-2 क्षेत्र सेक्टर-13 में पेयजल समस्या, गुजरानी निवासी बिल्लू ने प्लॉट का कब्जा दिलवाने, रवि प्रकाश ने जोहड़ की जमीन से अवैध कब्जा हटवाने, संजय कुमार ने खरीफ फसल बीमा में नुकसान प्रतिशत कम दिखाने पर बीमा कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग रखी। सुमन ने तूफान से मकान की छत टूटने पर क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से मुआवजा दिलवाने बारे, दिनेश कुमार ने बिजली तारों को ठीक करवाने की, सुरेश कुमार ने पतराम व डाबर कॉलोनी क्षेत्र में पानी-बिजली की समस्या रखी।

### फीस को लेकर परेशान करने की शिकायत

सीटीएम के समक्ष गैर सरकारी सदस्य सुनील ने सफाई कर्मियों की हड़ताल के चलते पूरे शहर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाने की शिकायत रखी। हनुमान ढाणी निवासी नरेश कुमार ने पेयजल संकट, सोमवीर ने गंदे पानी की निकासी करवाने, मोहित ने 134-ए के तहत निजी स्कूल में फीस को लेकर परेशान किए जाने की, वेद प्रकाश ने ट्यूबवेल कनेक्शन का लोड बढ़वाने, मुंढाल निवासी प्रदीप ने कृषि विभाग द्वारा लगाए गए ट्यूबवेल की खराब मोटर लाइन को ठीक करवाने की, संजय कुमार ने फसल बीमा संबंधित समस्या, मंजू रानी ने दहेज के लिए मारपीट कर घर से निकालने की, गैर सरकारी सदस्य अनिल सोलंकी ने तिगड़ाना रोड़ पर गिरे बिजली के पोल उठवाने तथा बावड़ी गेट क्षेत्र में टूटी पानी की टंकी के पत्थरों को हटवाकर रास्ता साफ करवाने से संबंधित समस्या रखी।

# सद्भाव यात्रा को कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह : राजू मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



- बाढ़डा विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में सद्भाव यात्रा में भाग लेंगे कार्यकर्ता

पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह द्वारा प्रदेश भर में चलाई जा रही सद्भाव यात्रा में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा गुरुग्राम में शामिल होने की सूचना से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। यह बात अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय कन्वीनर राजू मान ने मीडिया को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही।

उन्होंने कहा कि यात्रा को लेकर कांग्रेस बाढ़डा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं आमजन में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कल गुरुग्राम में सद्भाव यात्रा में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य समाज में भाईचारा, सामाजिक सौहार्द एवं आपसी एकता को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा यात्रा की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। विभिन्न स्थानों पर स्वागत कार्यक्रम एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने कहा सद्भाव यात्रा देश में प्रेम, भाईचारे और संविधान की मूल भावनाओं को मजबूत करने का संदेश देगी। यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के शामिल होंगे।

### दुनियाभर में मानवता, निष्पक्षता एवं सेवा का प्रतीक है रेडक्रॉस: सचिव प्रदीप

# रेडक्रॉस सोसायटी ने शहर में रैली निकाल किया नशे के विरुद्ध जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

विश्व रेडक्रॉस दिवस (8 मई) के उपलक्ष्य में भिवानी रैडक्रॉस अध्यक्ष एवं उपायुक्त साहिल गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में जिला रेडक्रॉस सोसायटी भिवानी द्वारा मनाए जा रहे रैडक्रॉस जागरूकता सप्ताह के तहत वीरवार को शहर में उत्साह और संकल्प का संगम देखने को मिला।

मानवता की सेवा को समर्पित विशेष सप्ताह के दौरान युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने और रेडक्रॉस के सिद्धांतों से जोडने के लिए विभिन्न गतिविधियों का भव्य आयोजन किया। इस दौरान नशामुक्त जागरूकता रैली, चित्रकला प्रतियोगिता, प्राथमिक सहायता जागरूकता शिविर, रक्तदान शिविर व नशा मुक्त सेमिनार का आयोजन किया।



### सचिव ने किया रवाना

वीरवार को रेडक्रॉस भवन से नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली। रैली को रेडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में 200 से अधिक युवाओं ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। रैली रेडक्रॉस भवन से शुरू होकर शहर के विभिन्न मुख्य चौराहों और मार्गों से गुजरी, जहां युवाओं ने गगनभेदी नारों के साथ आमजन को नशे से दूरी बनाने का आह्वान किया। रैली के समापन पर रेडक्रॉस भवन में नशामुक्त सेमिनार का आयोजन किया। सचिव प्रदीप ने रेडक्रॉस के वैश्विक महत्व और नशे की समस्या पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### 13 को होगी बसपा की जिला स्तरीय बैठक

**भिवानी।** बहुजन समाज पार्टी द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत करने, बहुजन समाज को राजनीतिक रूप से जागरूक करने तथा आने वाले समय में हरियाणा में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाने के संकल्प को लेकर 13 मई को शाम एक जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन रविदास कम्युनिटी सेंटर, हलवास गेट, भिवानी में किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण बैठक में केंद्रीय स्टेट प्रभारी सीपी सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे तथा कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार और चुनावी रणनीति को लेकर मार्गदर्शन देंगे। उनके साथ स्टेट प्रभारी महेंद्र जाजोरिया एडवोकेट भी संगठनात्मक मजबूती और बहुजन मिशन को गति देने को लेकर अपने विचार रखेंगे।

# सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग हुआ

- पश्चिम बंगाल में एसआईआर के जरिए एक करोड़ से ज्यादा वोट काटे : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा

पश्चिम बंगाल समेत देश के पांच राज्यों के चुनावी नतीजों को लेकर जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि पश्चिम बंगाल के चुनाव में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग हुआ है और ये लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के जरिए एक करोड़ से ज्यादा वोट काटे और अधिक वोटों की कटौती वाली सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों का विजयी होना दर्शाता है कि साम दाम दंड भेद से चुनाव जीता जाए।



बाढ़ड़ा। काकड़ौली हुकमी में ग्रामीणों से मिलते जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला।

### भाजपा का खाता तक नहीं खुला

चौटाला गुरूवार को गांव काकड़ौली हुकमी में जजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ओमधारा के दोहते की शादी में आशीर्वाद देने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि बंगाल में मिलिट्री और केंद्रीय कर्मियों का उपयोग होना लोकतंत्र के लिए बहुत बड़ी चेतावनी है और इसके चलते बंगाल के नतीजे प्रभावित हुए है। वहीं तमिलनाडु, केरल जैसे राज्यों में कोई छेड़छाड़ नहीं की गई तो वहां भाजपा का खाता तक नहीं खुला। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश की मंडियों का दौरा करने की बजाय पंजाब के दौरे में व्यस्त है। आज 60 प्रतिशत गेहूं मंडियों में पड़ा है और उठान का कार्य ठप पड़ा है। वहीं एक महीने बाद भी किसानों का भुगतान भी नहीं हो पाया है, जो पहले दो दिन में ही हो जाता था।

पानी आते ही जुई फीडर पर पहुंचे जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी

# शुक्रवार से सप्लाई पटरी पर लौटने की उम्मीद: एसडीओ

हैड से सभी मोटर पम्प संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

शहर के लोगों के लिए राहत भरी खबर। अगले एक दो दिनों में शहर के लोगों को पीने के पानी की समस्या से छुटकारा मिल सकता है। चूंकि जुई फीडर में मिताथल हैड पर पानी पहुंच गया है। उसके बाद पब्लिक हेल्थ की सभी मोटरें चलने के बाद जलघरों तक कच्चा पानी पहुंचना शुरू हुआ है। हालांकि अभी पीने के पानी की सप्लाई नियमित होने में एक दो दिन का वक्त लगेगा,लेकिन नहरी पानी पहुंचने के बाद लोगों को राहत की उम्मीद जगी है। फिलहाल जिले की सुंदर व जुई फीडर में पानी चलाया जा रहा है। ताकि इन पर पड़ने वाले जलघरों तक पानी पहुंचाया जा सके। जुई फीडर में 518 क्यूसेक तथा सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में 415 क्यूसेक पानी चलाया जा रहा है,लेकिन शाम के वक्त पानी कम होने की वजह से सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी को बंद कर दिया तथा जुई फीडर में 409 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। ताकि शहर के जलघरों तक पानी पहुंचाया जा सके। जुई फीडर के अंतर्गत आने वाले सभी जलघरों में पानी का स्टॉक पर्याप्त होने के बाद सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में पानी छोड़ा जाएगा।



भिवानी। नहरी पानी पहुंचने की खबर के बाद मौके पर पहुंचे अधिकारी व जलघर में पहुंचे पानी का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

## नहीं रहेगी पानी की किल्लत

बताया जा रहा है जुई फीडर में पानी पहुंचते ही पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारी मिताथल हैड पर पहुंचे और उन्होंने सभी मोटर पम्प को चलाना शुरू कर दिया। ताकि जल्द से जल्द नहरी पानी जलघरों तक पहुंचाया जा सके। साथ ही हैड पर जरनेटर की भी व्यवस्था की गई है। ताकि बिजली का कोई कट लगता है तो तत्काल जरनेटर चलाकर पैम्पों को चलाया जा सके। फिलहाल जलघरों तक पानी पहुंच गया है। कल सुबह तक पानी की सप्लाई घरों तक पहुंचने की उम्मीद है। चूंकि आज जो पानी जलघरों में पहुंचा है। उस पानी को रात में फिल्टर किया जाएगा। उसके बाद कल सुबह पानी की सप्लाई दी जाएगी। हालांकि पानी की राशनिग खतम करने में ओर भी वक्त लग सकता है,लेकिन नहरी पानी पहुंचने के बाद कुछ हद तक समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। पब्लिक हेल्थ के एसडीओ परमिंद्र खरब ने बताया कि नहरी पानी पहुंच गया है। जल्द ही पानी की किल्लत का समाधान किया जा सकेगा। मिताथल पर स्थापित सभी मोटर चला दी गई है। बिजली के सप्लाई बाधित होती है तो वहां पर जरनेट भी लगवाया गया है। ताकि जरूरत पड़ने पर जरनेटर चलाकर पैम्पों को गति दी जा सके।

## अधिकारी पहुंचे पानी आने की स्थिति का जायजा लेने

बुधवार को जुई फीडर और सुंदर ब्रांच नहर में पानी आ गया है, इससे इनके अधीन क्षेत्रों में पडने वाले जलघरों में भी पानी पहुंचना शुरु हो गया है। डीसी के निर्देश पर नहरों में पानी आते ही विभाग के अधीक्षक अभियंता सुनील रंगा और कार्यकारी अभियंता कपिल देव मौके पर पहुंचे और नहरों में पानी आने की स्थिति का जायजा लिया। उसके बाद मिताथल हैड पर स्थापित सभी पम्पों को चला दिया गया ताकि जल्द ही कच्चा पानी जलघरों के टैंकों तक पहुंच सके। दूसरी तरफ अधिकारियों ने बताया कि जलघरों में पर्याप्त पानी पहुंचाने के लिए अलग से भी मोटर आदि लगानी पड़ी तो वे तत्काल व्यवस्था करवाएंगे। अब नागरिकों को पेयजल की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## बढ़ जाती है खपत

डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि गर्मी के मौसम में पानी की खपत बढ़ जाती है। इससे पेयजल आपूर्ति में राशनिंग भी करनी पड़ती है। अब नहरों में पानी पहुंच गया है। अगले एक दो दिन में पूरी तरह से पानी की सप्लाई नियमित हो जाएगी। साथ ही उन्होंने लोगों से संदेश दिया कि वे पानी की बचत करें। पेयजल को किसी भी तरह बर्वाद ना करें। वाहनों को पेयजल से ना धोएं और पशुओं को भी पेयजल से ना नहलाएं। इसी प्रकार से पानी की टूटी को खुला ना छोड़ें। पेयजल को गलियों में व्यर्थ न जाने दें।

तीन युवाओं ने रक्तदान कर बचाई महिला की जान

# रक्त की चंद बूंदें किसी के घर का रोशन रख सकती हैं चिराग: डुडेजा

■ उपचाराधीन महिला की हालत काफी नाजुक थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी


भिवानी। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते रक्तवीर राजेश डूडेजा।

रक्तदान महादान है, इस बात को चरितार्थ कर दिखाया क्षेत्र के जागरूक युवा प्रवीन तंवर, निखिल यादव व जतिन ने, जिन्होंने नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान किया। गंभीर स्थिति में फंसी महिला के लिए ओ पॉजिटिव फ्रैश ब्लड की तत्काल आवश्यकता पड़ी और सूचना मिलने ही तीन युवाओं ने अस्पताल पहुंचकर निःस्वार्थ भाव से रक्तदान किया और महिला को जीवनदान दिया।

अस्पताल के ब्लड बैंक से मिली जानकारी के अनुसार उपचाराधीन महिला की हालत काफी नाजुक थी और उन्हें तुरंत रक्त की आवश्यकता थी। इस जरूरत का संदेश शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा तक पहुंचा तो उन्होंने अपनी टीम के सदस्यों को सूचना दी। तीनों युवाओं ने तत्परता दिखाते हुए रक्तदान किया। चिकित्सकों के अनुसार समय पर रक्त उपलब्ध होने के कारण महिला की जान बचाई जा सकी। शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने तीनों रक्तदाताओं का आभार जताकर हौसला बढ़ाया। डुडेजा ने युवाओं के इस जज्बे की सराहना की और उन्हें स्मृति चिह्न व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि युवाओं का यह कदम समाज के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि आज इन युवाओं ने जो किया है, वह केवल रक्तदान नहीं बल्कि परिवार को टूटने से बचाना है।

## सुरेंद्र शर्मा बने आदर्श ब्राह्मण सभा के शहरी अध्यक्ष

**भिवानी।** कोंट रोड स्थित कार्यालय पर आदर्श ब्राह्मण सभा की बैठक सभा के अध्यक्ष सुभाष कायला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में रामफल सांवड़ व सुरेंद्र हेतमपूरा के अनुमोदन पर सुरेंद्र शर्मा सीसर को सर्व सहमति से शहरी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सभा के संस्थापक आर के शर्मा ने बताया की सभा पिछले कई वर्षों से भिवानी जिले के 36 बिरादरी के संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर समाज में फैली हुई कुरीतियों को दूर करने, समाज को सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए जागृत करने तथा सनातन संस्कृति के लिए अनवरत कार्य करती आ रही है। उन्होंने नवनियुक्त प्रधान एवं सभा में आए प्रबुद्ध लोगों का स्वागत करते हुए सबको साथ लेकर सभा को शिखर तक ले जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर महिला अध्यक्ष सुमन शर्मा, महासचिव ललित मामूका, अमित शर्मा, डॉक्टर कुलश्रेष्ठ, रामचंद्र तिवारी, मदन जाटू लोहरी, नित्यानंद खरकिया, अंगद शर्मा, प्रवीण सांगा, बजरंग बोंद आदि मौजूद रहे।



## भाजपा जिलाध्यक्ष ने दो गांवों को पेयजल आपूर्ति के बांटे टैंकर


बाढ़डा। गांव बाढ़ड़ा व गोविंदपूरा में पंचायत प्रतिनिधियों को वाटर टैंकर सौंपते भाजपा जिलाध्यक्ष इंजीनियर सुनील हड़ौदी। फोटो : हरिभूमि

■ बाढ़ड़ा व गोविंदपुरा पंचायत प्रतिनिधियों को सौंपी चाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

भाजपा जिलाध्यक्ष इंजीनियर सुनील हड़ौदी ने जिला परिषद कोटे से सार्वजनिक कामकाज व स्वच्छ पेयजल आपूर्ति में प्रयोग करने के लिए गांव बाढ़ड़ा व गोविंदपुरा को पेयजल टेंकर वितरित कर पंचायत प्रतिनिधियों को सौंपे तथा जल्द ही और टेंकर भेजने की घोषणा की।

गांव बाढ़ड़ा व गोविंदपूरा आदि दो गांवों में आयोजित कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों को पेयजल टेंकर वितरण करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष व जिला पार्षद इंजीनियर सुनील हड़ौदी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार हर गांव, वार्ड व घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है। इसी कड़ी में गांव के सरपंच को वाटर टेंक दिए तथा जिन गांवों में अभी तक सार्वजनिक सुविधा के रुप में वाटर टेंक नहीं पहुंचा हैं उन्हें जल्द ही और टेंक भेजे जाएंगे। सांसद धर्मबीर सिंह व उमेद पातुवास की अगुवाई में विश्व बैंक के सहयोग से जल संरक्षित हरियाणा परियोजना के तहत 5.700 करोड़ रुपये के ऋण को मंजूरी दी है। वर्ष 2026 से 2032 तक चरणबद्ध रूप से यह राशि खर्च की जाएगी। परियोजना के तहत प्रदेश की शेष 678 नहरों और 1961 नहरी खालों का पुनर्वास किया जाएगा। करीब 70 हजार एकड़ भूमि में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली लागू होगी।

## यूपीएससी में सफलता हासिल करने वाली सुनीता श्योराण को किया सम्मानित

■ मेहनत एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण से हर मंजिल संभव: सुनीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा


बाढ़ड़ा। यूपीएससी उतीर्ण सुनीता श्योराण को सम्मानित करती आयोजक कमेटी।

शास्त्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल में यूपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाली सुनीता श्योराण के सम्मान में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया। सुनीता श्योराण के हंसावास स्कूल में पहुंचते स्कूल परिसर तालियों की गूंज से गूंज उठा और विद्यार्थियों ने सुनीता को अपनी प्रेरणा बताते हुए उनका अभिनंदन किया। सुनीता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता किसी शॉर्टकट से नहीं बल्कि निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास से हासिल होती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, सही दिशा और सकारात्मक सोच मिल जाए तो गांव का बच्चा भी देश की सबसे बड़ी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकता है। स्कूल कमेटी के सदस्यों ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि स्कूल कमेटी अब गांव-गांव जाकर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान करेगी।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बढ़ रहा महत्व: प्रो. बीके बेहरा

**भिवानी।** द टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्सटाइल एंड साइंसेज भिवानी द्वारा विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 4 सप्ताह की निःशुल्क एआई वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों एवं डिप्लोमा धारकों के लिए आयोजित किया जा रहा है। संस्थान के निदेशक प्रो. बीके बेहरा ने बताया कि वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का महत्व तेजी से बढ़ रहा है और विद्यार्थियों को नई तकनीकों के अनुरूप तैयार करना समय की आवश्यकता है।



## ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर शारीरिक व बौद्धिक पात्रता परीक्षा में 75 बच्चों ने भाग लिया

**चरखी दादरी।** श्रीराम पब्लिक स्कूल कान्हड़ा में भारतीय सेना के अद्भुत शौर्य और पराक्रम को दर्शाने वाले ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रशिक्षण के लिए नए रंगरूटों का शारीरिक दक्षता व बौद्धिक क्षमता की पात्रता परीक्षा व देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन। 16 हरियाणा बटालियन एनसीसी नारनौल में कार्यरत कर्नल संदीप कुमार के दिशा निर्देश अनुसार सुबेदार मुकेश कुमार व हवलदार सुरेंद्र के नेतृत्व में स्कूल के 75 बच्चों ने शारीरिक व बौद्धिक पात्रता परीक्षा में भाग लिया। इस परीक्षा से 9 लड़कियों तथा 18 लड़कों का चयन किया जाना है। सुबेदार मुकेश कुमार ने बताया कि स्कूल में कुल 50 विद्यार्थी एनसीसी की रेगुलर ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम से परिचित कराना है साथ ही उन में देशभक्ति की भावना भरना है।

## पदक विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**चरखी दादरी।** गांव मकड़ानी स्थित नवयुग स्कूल प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन चेयरमैन अजय जाखड़ की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें स्टेट चैम्पियनशिप में बाक्सिंग मुकाबलों के दौरान कांस्य पदक जीत कर संस्था सहित पूरे जिले के नाम को रोशन करने वाली होनहार खिलाडी मौडी निवासी रोमिका दलाल को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अन्य विद्यार्थियों से भी आहवाान किया गया कि वो भी खेलों सहित अन्य क्षेत्रों में आगे आकर अपनी प्रतिभा को निखारे व विद्यालय सहित अपने गांव, क्षेत्र, अभिभावकों का नाम रोशन करे। चेयरमैन अजय जाखड़ ने बताया कि हाल ही में हरिद्वार में यूथ स्टेट चैम्पियपशिप का आयोजन किया गया था। इसमें अनेक खिलाड़ियों ने अपनी चुनौती रखी थी। नवयुग स्कूल की होनहार खिलाड़ी रोमिका दलाल ने बाक्सिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने वर्ग में कांस्य पदक स्टेट लेवल पर जीता है। इससे पहले भी स्कूल के बच्चों द्वारा लगातार अपने खेल व अन्य प्रतिभाओं के जरिए नियमित अंतराल पर नाम रोशन किया जाता रहा है।


चरखीदादरी। पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते स्कूल स्टाफ सदस्य।

## न्यूज डायरी



### इलाज के लिए शहरों में नहीं जाना पड़ेगा : जेपी

**बहल।** बीआरसीएम शिक्षण समिति द्वारा शुरू किए गए 100 बेड के मानव कल्याण अस्पताल के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि प्रदेश के पूर्व मंत्रीजेपी दलाल ने कहा कि जरूरतमंद और असहाय रोगी को सस्ता, सुलभ और सही चिकित्सा सुविधा देना मानवता की सच्ची सेवा है। मानव कल्याण अस्पताल में चिकित्सा सुविधा की उपलब्धता के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को इलाज के लिए महंगे इलाज के लिए शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने बीआरसीएम संस्थान की इस पहल का स्वागत किया और कहा कि यह अस्पताल क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगा तथा जरूरतमंद मरीजों को समय पर बेहतर इलाज उपलब्ध हो सकेगा। बीआरसीएम शिक्षण समिति के निदेशक डॉ. एसके सिन्हा ने कहा कि मानव कल्याण हॉस्पिटल में क्षेत्रवासियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

### पशु चिकित्सालय में दुर्लभ पक्षी का सफल ऑपरेशन

**भिवानी।** जिला पशु चिकित्सालय एवं पॉलीक्लिनिक ने चिकित्सा क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता का लोहा मनवाया है। हाल ही में अस्पताल के चिकित्सकों ने अत्यंत दुर्लभ पक्षी, रेड-नैप्ड आईबिस की टूटी हुई हड्डी का जटिल ऑपरेशन कर उसे नया जीवन प्रदान किया है। वन्यजीव निरीक्षक मिनी जू भिवानी द्वारा इस दुर्लभ पक्षी को गंभीर हालत में अस्पताल लाया। डॉ. सुभाष के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने तुरंत मोर्चा संभाला। प्रोटोकॉल का पालन करते हुए इंट्रामेडुलरी पिन तकनीक के माध्यम से पक्षी की टूटी हड्डी को जोड़ा। करीब दो घंटे तक चली जटिल शल्य चिकित्सा में डॉ. सोनू, डॉ. मुकेश, दीपक वीएलडीए, परवीन, बीना, ईमानदार ने अहम भूमिका निभाई।

### विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को किया सम्मानित

**भिवानी।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पालुवास में प्राचार्य द्वारा विद्यालय की विभिन्न सृजनात्मक एवं अधिगम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान विद्यार्थियों के निरंतर प्रयास, अनुशासन एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा विद्यालय को हिंदी में शत-प्रतिशत एवं उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

### एसडीएम के आदेश के बावजूद नहीं उठाया गया कदम

**बाढ़ड़ा।** गांव हंसावास कलां के ग्रामीणों व खिलाड़ियों ने उपमंडल कार्यालय पहुंचकर उनके गांव की शामलाती भूमि को खेल प्रशिक्षण की बजाय भूमि को कृषि कार्य के पट्टे के लिए नीलाम करने पर रोष प्रकट किया। ग्रामीणों ने एसडीएम के आदेश के बावजूद बीडीपीओ कार्यालय द्वारा विशेष आमसभा का आयोजन कर पट्टा रद्द नहीं करने पर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और एसडीएम की गैरमौजूदगी में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर कम से कम चार एकड़ जमीन खाली रखवाने की मांग की।

मोर्चा ने किसानों के खरीदे गेहूं का शीघ्र भुगतान करने की मांग उठाई

# संयुक्त किसान मोर्चा ने भिवानी मार्केट कमेटी के सामने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

संयुक्त किसान मोर्चा ने वीरवार को भिवानी की नई अनाजमंडी में मार्केट कमेटी कार्यालय के सामने धरना व प्रदर्शन किया और किसानों को उनके खरीदे गए गेहूं का शीघ्र भुगतान करने एवं खरीदे गए गेहूं का उठान शीघ्र करने की मांग उठाई। अखिल भारतीय किसान सभा के भिवानी ब्लाक की प्रधान संतोष देशवाल की अध्यक्षता में धरना शुरू हुआ। इस अवसर पर विभिन्न किसान नेताओं ने कहा कि पहले तो सरसों व गेहूं की खरीद को लेकर राज्य सरकार ने गैरजरूरी शर्तें थोप दी, जो किसान वर्ग के साथ अन्याय हैं। किसान मोर्चा पदाधिकारियों ने बताया कि बड़ी मुश्किल से किसानों ने अनेक बाधाएं पार कर अपनी फसल को बेचता हैं, उसके बाद समय पर फसल का उठान नहीं हो रहा और न ही समय पर भुगतान किया जा रहा। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की कि किसान की फसल का उठान एवं भुगतान जल्द से जल्द किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार फसल बिकते ही भुगतान की बात करती हैं, लेकिन आज तक किसानों के खाते में उनकी बिक्री का पैसा नहीं आया है। उठान नहीं होने के कारण गेहूं व सरसों बेमौसमी बारिश से भीगकर आढ़तियों व किसानों का भारी नुकसान हुआ है। किसानों ने राज्य सरकार को आगाह किया कि किसानों की फसल का शीघ्र भुगतान नहीं हुआ और खरीदे गेहूं का उठान नहीं हुआ तो वे संबंधित अधिकारियों का घेराव करने पर मजबूर होंगे। इसके बाद किसानों ने मार्केट कमेटी की उच्च अधिकारी ज्योती धनखड़ को ज्ञापन सौंपा।


भिवानी। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य।

## प्रदर्शन में ये रहे शामिल

प्रदर्शन में किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल, मास्टर शेरसिंह, सतपाल नैन, रामकुमार ढिल्लो, सतबीर घुसकानी, राजकुमार दलाल, मनफूल मिताथल, अस्वनी मिताथल शामिल रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
आर्यन कोचिंग
स्याई एकेडमी (विश्वास का दूसरा नाम)
12वीं के बाद सरकारी नौकरी
नया बैच आरम्भ
अग्निवीर SSC रेलवे
हरियाणा पुलिस हरियाणा ग्रुप-डी CET
AIRFORCE NAVY ARMY
पता : बस स्टैंड के पास, चरखी दादरी
9050035973, 9812611926